NSS Foundation Day

“Swachhata Hi Seva”

24 September 2018

एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय द्वारा एन.एन.एस की 50वीं वर्षगांठ को ''स्वच्छता ही सेवा'' के रूप में उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एन.एन.एस इकाई द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। गीत, नृत्य, कविता, पोस्टर, प्रदर्शनी द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया। छात्रा अमनजोत कौर द्वारा लिखित और निर्देशित स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, इसके द्वारा छात्राओं नें गंदगी और उसके दुष्प्रभाव को अभिनित करके स्वच्छता को अपनाने का संदेंश दिया। इसमें रितिका केसरवानी, शालू सिंह, दिशा भाटिया, शिवानी त्रिपाठी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा रॉय ने स्वच्छता के ऐतिहासिक विन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता को जनआन्दोलन बनाने पर बल दिया। छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाल कर स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजक एन.एन.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव शंकर श्रीवास्तव ने सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह को प्राप्त करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अमनजोत कौर तथा शिवानी त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिव शंकर श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह, डॉ. ज्योति कपूर, डॉ. रूचि मालविया, डॉ. सुमिता सहगल, डॉ. ताहिरा परवीन एवं डॉ. विनीता मिश्रा सहित अनेक अध्यापकगण तथा छात्रायें उपस्थित थीं।